INDIAN SCHOOL SOHAR
FORMATIVE ASSESSMENT- 3
SUBJECT: HINDI **SET- 1**

Class : VIII **Time: 45 Minutes**
Date: 12-11-2013 **Marks: 25**

<u>सामान्य निर्देश</u> ः (1) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले □मांक अवश्य लिखिए।
(2) कार्य स्वच्छता से कीजिए। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

प्रश्न (1) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (5)

अमेरिका के नगर शिकागो में एक विश्व-धर्म सभा हो रही थी। विवेकानंद ने वहा□जाने का निश्चय किया। उनके शिष्यों ने उनकी यात्रा का प्रबंध कर दिया। यात्रा का प्रबंध शीघ्रता में हुआ था अत□इस कारण न तो उनके पास पर्याप्त वस्त्र थे और न ही धन का पूरा प्रबंध। अमेरिका की सरदी और धनाभाव के कारण लगभग अनशन की स्थिति ने स्वामी जी जैसे दृढ़ व्यक्ति को भी हिला दिया। जिस पर एक विपत्ति और आ पड़ी कि धर्म सभा में परिचय-पत्र के बिना प्रवेश नहीं हो सकता था। तभी एक दैवी-सहायता के रूप में उनका परिचय हारवर्ड के एक प्रोफेसर से हो गया। वह स्वामी जी से इतना प्रभावित हुआ कि उसने परिचय- पत्र भी दिलवा दिया और उनके आवास का प्रबंध भी करवा दिया। विश्व-धर्म सभा के अधिवेशन में स्वामी जी के प्रथम वाक्य " मेरे अमेरिका के भाइयो और बहनो" ने श्रोताओं का मन मोह लिया। अंत में स्वामी जी धर्म सभा के सर्वश्रेष्ठ वक्ता माने गए।

□क□ स्वामी विवेकानन्द ने शिकागो जाने का निश्चय क्यों किया □
□ख□ स्वामी जी जैसे दृढ़ व्यक्ति भी अमेरिका में किस कारण हिल गए □
□ग□ अमेरिका में स्वामी जी पर एक और कौर्न सी विपत्ति आ पड़ी □
□घ□ स्वामी जी ने अमेरिकावासियों का मन कैसे मोह लिया □
□ङ□ इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

प्रश्न (2) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (1)
मौखिक □साकार

प्रश्न (3) निम्न वाक्यों में रेखांकित के कारर्क भेद बताइए। (1)

(i) प्रणव <u>घर से</u> चल पड़ा

(ii) मा□ <u>बेटे को</u> सेब खिलाया।

प्रश्न (4) निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए। (1)

इसिलिए □अध्यन

प्रश्न(5) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए। (1)

मछली □आ□

प्रश्न (6) निम्नलिखित वाक्यों के वार्च्य भेद बताइए। (2)

(i) इंजीनियर ने कंप्यूटर ठीक किया।

(ii) अनुज द्वारा मैच खेला जा रहा है।

प्रश्न (7) निम्नलिखित शब्दों के दो□ पर्यायवाची लिखिए। (2)

गिरा □ समुद्र

प्रश्न (8) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। (2)

कृत्रिम , जीर्व जंतु , मूल्यवती □ग्न

प्रश्न (9) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए। (2)

मछलीघर □घु

प्रश्न (10) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(1) 'स्टार फिश' के बारे में आप क्या जानते हैं□ (2)

(2) रंजना जी ने उड़नेवाली मछली के बारे में क्या जानकारी दी □ (2)

(3) लक्ष्मीबाई की समाधि को 'चिर समाधि' क्यों कहा गया है □ (2)

(4) कविता में रानी लक्ष्मीबाई की समाधि की क्या क्या विशेषताए□ताई गई हैं □ (2)

समाप्त